अमर उजाला
बरेली
बुधवार, 5 अप्रैल 2023
चैत्र शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2080

Page No. 03 : Middle

**खेल**

क्रिकेट: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता एसआरएमएस स्टेडियम में सुबह 9 बजे।

Page No. 05 : Middle

# एअरफोर्स और गंगाशील की टीम ने जीते क्रिकेट मुकाबले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। इसमें एअरफोर्स और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर मुकाबले जीते। प्लेयर ऑफ द मैच अन्नू चपराणा ने 288 के औसत से 72 रन की पारी खेली।

एसआरएमएस स्टेडियम में खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन पहला मुकाबला गंगाशील क्रिकेट एकेडमी और 22 यार्ड की टीम के बीच हुआ। 22 यार्ड की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। नीरज (54) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत गंगाशील की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। अंश जोशी ने चार ओवर में तीन विकेट चटकाए।

जवाब में 22 यार्ड बल्लेबाजी करने उतरी। रिजवान की 63 रन की पारी के बावजूद टीम 18.4 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। सूरज सैनी और विजेय संत ने दो-दो विकेट चटकाए। गंगाशील की टीम 12 रन विजयी रही। प्लेयर ऑफ द मैच नीरज को दिया गया।

दूसरा मुकाबला आईके कलेक्शन और एअरफोर्स की टीम के मध्य खेला गया। आईके कलेक्शन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। कप्तान आकाश कुमार ने 28 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी खिलाड़ी 10 का आंकड़ा पार नहीं कर सका। टीम ने 19.5 ओवर में 100 रन ही बना पाई। मुकेश कसवान और डॉ. डीके ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एअरफोर्स की टीम के अन्नू ने 28 गेंदों पर 72 रन बनाए। टीम ने 7.1 ओवर में एक विकेट खो कर बड़ी आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

टूर्नामेंट में बुधवार को ओएसिस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी और अल्मा मातेर और एअरफोर्स की टीम के बीच मुकाबला होगा।

मैच में शॉट लगाता खिलाड़ी। *संवाद*

**एसआरएमएस स्टेडियम में चल रहा श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट**